Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 16-03-2005

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title: Need to declare certain State Highways in Jalaun Parliamentary Constituency, U.P. as National Highways.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोकसभा क्षेत्र जालौन-गरौठा, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत खनिज सम्पदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, वहां दूरस्थ स्थानों हेतु ट्रकों द्वारा बालू तथा पत्थर ढोया जा रहा है, उससे सड़कों में 5-5 फुट के गड्ढे हो गये हैं, क्योंकि वहां की सड़कों की मानक क्षमता 10 से 15 टन माल ढोने के लिए बनी है, जबकि इन सड़कों पर 40-40 टन माल ढोया जा रहा है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि निम्न सड़कों को एन.एच.ए.आई. के अन्तर्गत ले लिया जाये, जिससे राजस्व का भी लाभ होगा। ये सड़कें उरई से इटावा, उरई से गोपालपुरा, उरई से रावतपुरा, उरई से हमीरपुर, उरई से राठ और उरई से पूंछ होते हुए गरौठा से मऊ रानीपुर हैं।